# गर्मी कर रही बेहाल: लू से बच्चों, बुजुर्ग और गर्भवतियों को ज्यादा खतरा

## हीट वेव को लेकर प्रशासन ने फिर जारी की एडवाइजरी, मध्य जून तक रहेगा ज्यादा डर, शरीर में पानी व नमक की कमी पर होता है लू का खतरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हीट वेव से बचाव के लिए प्रशासन ने एक बार फिर एडवाइजरी जारी की है। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और मोटे लोगों को हीट वेव के मामले में ज्यादा कमजोर बताते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम वित्त की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि शरीर में पानी व नमक की कमी होने पर हीट वेव का हमला होता है। ऐसे में बाहर निकलते समय सावधानी बरतें। टोपी, गमछा और छतरी से सिर ढकें क्योंकि लू का सबसे आसान शिकार हमारा सिर ही होता है।

डीएम उमेश प्रताप सिंह की ओर से लगातार हो रही भीषण गर्मी, गर्म हवा व लू के प्रकोप से बचाव के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रभारी अधिकारी आपदा एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार ने बताया है कि भीषण गर्मी व लू से अपना बचाव करना आवश्यक है। गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। दोपहर में गर्म हवा देने वाली खिड़कियों व दरवाजों पर काले परदे लगाकर रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों और पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोडें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें और सूर्य के ताप से बचें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर निकलने पर शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार मई से जून के मध्य तक अधिक तापमान रहने की संभावना है। ऐसे में लोगों को हीट हीटवेव से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां कर लेनी चाहिए। हीटवेव से बचाव को लेकर जनसामान्य के बीच जागरुकता अभियान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। जब वातावरण का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 3-4 डिग्री अधिक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेव या लू कहते हैं। अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।


मुख्य बाजार में गर्मी से बचने के लिए सिर पर दुपट्टा डालकर जातीं महिलाएं। • अमृत विचार

- बाहर निकलने पर टोपी, गमछा व छतरी से सिर को ढकें

### कम लोग ही निकले सड़कों पर

शुक्रवार को दिन में कई बार बादल छाने से गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन बार-बार तेज धूप निकलती रही। जिससे लोग परेशान होते रहे। दोपहर में रोज की तरह चंद लोग ही सड़कों पर दिखाई भी दिए। कुछ लोग टोपी के सहारे गर्मी से बचते हुए दिखाई दिए तो कुछ लोग गमछे का सहारा लेते देखे गए। दुपट्टे के सहारे महिलाएं बाजार में गर्मी से बचते हुए देखी गईं।

**कब लगती है लू :** गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

**लू के लक्षण :** गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

### अगर लग जाए लू तो क्या करें और क्या न करें

- रेडियो सुनिए, टीवी देखिए, स्थानीय मौसम समाचार के लिए समाचार पत्र पढ़ें।
- बाहर जाने पर हल्के वजन, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें। अपना सिर ढंकें : कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें। हाथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं।
- पर्याप्त पानी पियें भले ही प्यास न लगे। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू का पानी, छाछ आदि जैसे घरेलू पेय का इस्तेमाल करें।

### वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों के लिए टिप्स

- तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो।
- यदि वह गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। उन्हें हमेशा अपने पास पानी की बोतल रखने को कहे।

### शिशुओं के लिए

- उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। शिशुओं में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों का पता लगाना सीखें।
- यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) का शिकार हैं।
- बच्चों को बिना देखरेख खड़ी गाड़ी में छोड़ कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

### पशुओं के लिए एडवाइजरी

- जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान उन्हें घर के भीतर रखें। जहां उन्हें रखा गया हो वहां दिनभर छाया रहें।
- ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें, पानी को धूप में न रखें।
- दिन के समय उनके पानी में बर्फ के टुकड़े डालें।
- पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वह पानी पी सकें।
- पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें। किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़े।

### आपदा संबंधी सहायता को इन नंबरों पर करें संपर्क

- एंबुलेंस 108
- पुलिस 112
- राहत आयुक्त कार्यालय 1070 टोल फ्री
- जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर कंट्रोल रूम- 05842-220017,18,/ 351037/ 351038

## रोजाना 6 लीटर पानी पीएं, बासी खाना न खाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिले में बढ़ती गर्मी से लोग वायरल इंफेक्शन, फूड प्वायजिंग तथा डायरिया की चपेट में आ रहे है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज तथा सीएचसी के डॉक्टर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे है। गर्मी के मौसम में खान-पान का पूरा ध्यान रखे और अधिक से अधिक पानी पीएं। यदि धूप में घर से बाहर निकल रहे है तो घर से निकलते समय पानी पीएं और एक-एक घंटे बाद पानी पीते रहे। गर्मी से बाहर से आकर सीधे एसी कमरे में न जाए।

मई का महीना अपने तेवर पर है और भयंकर लू चल रही है। लापरवाही बरतने पर वायरल इंफेक्शन, फूड प्वाइजिंग तथा डायरिया जैसी बीमारी हो सकती है। मेडिकल कॉलेज तथा सीएचसी के चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी में बाहर का तला भूना खाने से बचे और शुद्ध पानी पीए। एक दिन में छह लीटर पानी पीना चाहिए। इलैक्ट्राल तथा ओआरएस का इस्तेमाल करें तो बहुत अच्छा होगा। जिससे शरीर में हीहाईड्रेशन नहीं होगा। फिजीशियन एमएल अग्रवाल ने बताया कि मेडिकल कालेज में वायरल बुखार, डायरिया के चौबीस घंटे में करीब पचास मरीज भर्ती हो रहे है।

"गर्मी के मौसम में छाछ, लस्सी तथा पनीर ले सकते है। गाय का दूध भी फायदेमंद है। कम खाए और ताजा भोजन का सेवन करना चाहिए। फ्रिज से निकालकर सीधे कोई चीज न खाए। - डॉ आरके गौतम, सीएमओ

# विद्यालय के सामने कट बनवाने की मांग

- छात्रों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** किसान कल्याण छात्र सभा के छात्रों ने विद्यालय के सामने कट बनवाने को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर कट बनवाने की मांग की।

शुक्रवार को किसान कल्याण छात्र सभा अल्लाहगंज के छात्रों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रविंद्र कुमार के न होने पर नायब तहसीलदार रोहित कुमार को दिया। जिसमें बताया कि स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के सामने फर्रुखाबाद, जलालाबाद रोड पर कट था, लेकिन इसे हाईवे वालों ने बंद कर दिया।

जिससे छात्र-छात्राओं को बहुत दूर कट से निकलना पड़ता है। जिससे बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में सप्पन शर्मा, शिवम, अर्जन, बलराम, मोहित कुमार आदि रहे।


नायब तहसीलदार रोहित कुमार को ज्ञापन सौंपते छात्र।

## जिला पंचायत सदस्य के निधन पर शोकसभा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** वर्तमान जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र मदनापुर द्वितीय के निधन के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में एक शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य जिला पंचायत अभिषेक सिंह, पवन सिंह, ओमपाल कुशवाहा, पूर्व सदस्य विजेंद्र सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, अभियंता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# निर्धारित समय में पूरी करें मतगणना की तैयारी

- डीईओ ने मतगणना की तैयारियों का जायजा लेकर दिए सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश
- डीईओ ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित ईवीएम और वीवीपैट को चेक किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के लिए विधानसभावार बनाए गए कक्षों को देखा। उन्होंने प्रवेश व निकास रजिस्टर भी चेक किया। डीईओ ने निर्धारित समयावधि में मतगणना की तैयारी पूरी करने समेत सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीईओ ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित सुरक्षा बिंदुओं को चेक किया। सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित मिले। स्ट्रांग रूम में रखे ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं। मतगणना को विधानसभावार बनाए गए कक्षों में जल्द कार्य पूरा करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को अपनी देखरेख में सभी कार्य ससमय पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में मतगणना संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


मतगणना की तैयारियों का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह।

# बौद्ध धम्म है मानव कल्याण का सृष्टा

- त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा पर प्रतियोगी बच्चों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा पर हथौड़ा बुजुर्ग स्थित महामाया बुद्ध विहार में शुक्रवार को धम्म समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भंते धम्मपाल द्वारा त्रिशरण गमन, पंचशील ग्रहण व धम्म प्रवचन के साथ हुआ। उद्घाटन भाषण जिला उपाध्यक्ष केके सिंह बौद्ध ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएस पीजी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश गौतम ने बताया कि बौद्ध धम्म ही मानव कल्याण का सृष्टा है। जिसमें बहुजन हिताय बहुजन सुखाय व लोकानुकंपाय की भावना निहित है। विशिष्ट अतिथि खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने कहा कि तथागत बुद्ध की शिक्षाएं जनकल्याणकारी हैं, जिन्हें सभी को ग्रहण करना चाहिए। एलआईसी के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार ने कहा कि तथागत सम्यक संबुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासांगिक हैं।

उन्होंने बुद्ध द्वारा समझाए गए मध्यम मार्ग को ठीक से समझने की अपील की। प्रदेश संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर ने कहा कि कठोर ध्यान साधना के अभ्यास से सिद्धार्थ गौतम ने दुःख विमुक्ति का मार्ग खोजा जिसे संपूर्ण मानव जाति को समझाया। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के छूटे हुए सफल प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में धनंजय सरोज सिंह ,शीलांकर बौद्ध, डॉ. पवन सिंह दिनकर, राजीव कुमार, गंगादीन, सुनील कुमार आदि का सहयोग रहा। अंत में सब्बे सत्ता के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया।

### महामाया बुद्ध विहार को भेंट की डायस

अन्य वक्ताओं में एसआर सिंह धनिया ,अवर अभियंता सुखपाल सिंह ,चंद्र मुकुट सुमन, नेहा गौतम दीपशिखा बौद्ध, महेश्वरी प्रताप, जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह गौतम आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रसाद आजाद एवं संचालन जिला महामंत्री खुशीराम बौद्ध ने किया। डॉ. कमलेश गौतम ने महामाया बुद्ध विहार के लिए एक डायस विहाराधीश भंते धम्मपाल को भेंट की। जिसका उद्घाटन जिला संरक्षक एडवोकेट मलिखान सिंह दिनकर ने किया।

# समस्याओं को लेकर सफाई कर्मियों ने उप नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा, साथ ही 15 दिन में समाधान नहीं होने पर असहयोग आंदोलन की चेतावनी दी।

कटिया टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कटारिया, मंदिर कमेटी के प्रबंधक रामकृपाल मानू के आह्वान पर शुक्रवार सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्रित हुए सफाई कर्मचारियों की जटिल समस्याओं पर विचार विमर्श कर उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कटारिया ने कहा इस समय जितना सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है, इतना इससे पहले कभी नहीं हुआ। 15 दिन में नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो सफाई कर्मी असहयोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी प्रबंधक रामकृपाल मानू ने की। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष संजीव चौधरी एडवोकेट संतोष चौधरी , एडवोकेट जितेंद्र कुमार, सियाराम शेरू, दिनेश, रामासरे, सुशील, शुभम, मनोज, पप्पू, सर्वेश कुमार,यामीन आदि लोग उपस्थित रहे


उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी को ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी। • अमृत विचार

- 15 दिन में समाधान नहीं होने पर दी असहयोग आंदोलन की चेतावनी

## नागरिकता प्रमाण पत्र के आवेदन शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से पत्र जारी कर नागरिकता कानून के तहत आवेदन मांगे गए हैं।

इसी क्रम में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे ने पत्र जारी कर पात्र लोगों से नागरिकता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने को कहा है। उन्होंने बताया कि नागरिकता संशोधन विधेयक के तहत प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। तहसीलों में एसडीएम और तहसीलदार व जिला मुख्यालय पर एडीएम प्रशासन कार्यालय में आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन की गहनता से जांच के बाद नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

आवश्यकता है
दैनिक 'अमृत विचार' बरेली को ऑफिस कार्य हेतु कुशल ड्राइवर की।
अनुभव :- कम से कम 3 से 5 वर्ष का।
वेतन :- योग्यता अनुसार।
सम्पर्क करें
(HR विभाग)
मो. 8476006584

जागरुकता | एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कार्यशाला में कैडेट्स को समझाया स्ट्रेस मैनेजमेंट

# मोबाइल के ज्यादा उपयोग से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मोबाइल का अधिक उपयोग करने से ब्रेन स्ट्रोक एवं याददाश्त कम होने जैसी परेशानियां उत्पन्न होती हैं। मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं। स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में बच्चों को बताएं कि वह अपने एग्जाम में कैसे अपने स्ट्रेस को मैनेजमेंट करके अच्छे अंक ला सकते हैं। यह विचार कैंट में एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर 27 राजपूत रेजीमेंट में चल रहे एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशाला में साइकेट्रिक सोशल वर्कर डा. नंदनी सक्सेना ने व्यक्त किए।

कार्यशाला में उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है। कोई भी परीक्षा यह तय नहीं करती है कि वह जीवन से अधिक महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया कि अगर किसी को 1 माह से अधिक सिर में दर्द व भारीपन, मन उदास हो और नकारात्मक विचार आते हों तो यह मानसिक बीमारी के लक्षण हैं। उन्होंने टेलीमानस हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए कहा कि अगर कभी भी आपको मानसिक समस्या हो जिसका निराकरण आपको तुरंत चाहिए तो इस नंबर पर कॉल कर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया।


एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर पर एनसीसी कैडेट्स को जागरूक करती डॉ. नंदनी। • अमृत विचार

- बोले वक्ता- एक दूसरे के पूरक होते हैं मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य


School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY

ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटि्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते मेडिकल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग की छात्र एवं छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया एंव पोस्टर-बैनर व स्लोगन के माध्यम से जनमानस को सिजोफ्रेनिया बीमारी के प्रति जागरुक किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक बीमारी है। जिसके मरीज भ्रम की स्थिति में रहते है। समय से उपचार मिलने पर बीमारी को ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. गौरव वर्मा, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह, डॉ. शंशाक गंगवार, डॉ. अर्पणा पाण्डेय, ललित मोहन तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# छिन न जाए नौकरी... तीन माह का वेतन बकाया, फिर भी ड्यूटी करना बना मजबूरी

## इलेक्ट्रिक बसों के कंडक्टर बोले - हर वक्त लटकी रहती है कार्रवाई की तलवार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 50 बसों पर हैं 80 कंडक्टर, वेतन की मांग पर आश्वासन दे टरका देते हैं अधिकारी
- गलती या धमकी पड़ जाती है भारी, कहा परिवार का पालन पोषण हो रहा मुश्किल

**अमृत विचार:** इलेक्ट्रिक बस में कंडक्टरों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। रोजगार पाने के लिए जैसे-तैसे ड्यूटी ज्वाइन की लेकिन अब इन्हें वेतन के लिए तीन-तीन, चार-चार माह इंतजार करना पड़ रहा है। दाम नहीं तो काम नहीं की चेतावनी भी नहीं दे सकते है क्योंकि 50 बसों पर 80 कंडक्टर पहले से ही तैनात है, जरा सी गलती या धमकी इन लोगों पर भारी पड़ जाती है। तीन माह का बकाया होने के बाद भी ड्यूटी करने को मजबूर हैं। वेतन की मांग पर अधिकारी आश्वासन देकर टरका देते हैं।

नगर निगम की ओर से संचालित इलेक्ट्रिक बस के कंडक्टरों ने बताया कि उन्हें केएसजे सिक्योरिटी डाइनामिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये संविदा पर रखा गया। चार रुपये 11 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से कंडक्टरों का वेतन बनता है, जिसमें से एसआई, पीएफ की कटौती होने पर तीन रुपये 11 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से बैंक खाते में भुगतान दिया जाता है लेकिन जिले में जब से इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की व्यवस्था की गई, तब से कंडक्टरों को प्रतिमाह निर्धारित समय पर वेतन देने की व्यवस्था नहीं गई।

कंडक्टरों ने बताया कि जनवरी माह का वेतन छह अप्रैल को बैंक खाते में डाला गया लेकिन इसके बाद फरवरी मार्च, अप्रैल के वेतन देने की अभी तक व्यवस्था नहीं की गई। फरवरी माह का वेतन 20 मई को बैंक खाते में डाले जाने की बात कही गई लेकिन वेतन पांच कंडक्टर के खाते में पहुंचा, बाकी के खाते निल हैं। वेतन नहीं मिलने से परेशान कंडक्टरों ने बताया कि प्रतिदिन 202 किलोमीटर का निर्धारित लक्ष्य पूरा होने पर माह में 18,846.60 रुपये बनते हैं। यह पूरा वेतन 30 दिन की ड्यूटी पूरी होने पर बनता है। आरोप लगाया कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की व्यवस्था देख रहे जिम्मेदार किसी भी कंडक्टर को पूरे माह की ड्यूटी करने नहीं देते है, बमुश्किल 26 दिन ही ड्यूटी मिल पाती है। कंडक्टरों ने बताया कि कुछ का वेतन चार माह का भी बकाया चल रहा है। बेरोजगारी से निजात पाने को जैसे-तैसे रोजगार मिला भी, तो अब समय से वेतन नहीं मिलने पर घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। सबसे बड़ी दिक्कत गैर जनपद से आकर ड्यूटी करने वाले कंडक्टरों को हो रही है, उन्हें कमरे का किराया भी चुकता करने के लिए लोगों से उधार लेना पड़ जाता है।



इलेक्ट्रिक बस फाइल फोटो।

### हर जगह दिक्कत ही दिक्कत

बैंक खाते में वेतन नहीं आने पर स्टेटमेंट मांगा जाता है, जिसके लिए काम से छुट्टी लेनी पड़ती है, यानि एक दिन की कमाई मारी जाती है और बैंक पहुंचने पर स्टेटमेंट के नाम पर 118 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। हालत यह है कि किसी से पीड़ा भी नहीं कह सकते।

> बकाया वेतन भी मिलेगा। फरवरी माह का वेतन भेज दिया गया है। सभी के खाते में आरटीजीएस के तहत रुपये भेजे जाते हैं, ऐसा हो नहीं सकता है कि खाते में रुपये न पहुंचे हों, फिर भी दिखवाया जाएगा।
>
> –सीपी पांडेय, परिचालन प्रबंधक, इलेक्ट्रिक बस, नगर निगम

# साप्ताहिक बंदी सफल बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, जलालाबाद, अमृत विचार:** शुक्रवार की साप्ताहिक बंदी दिन भी दुकान खोलने वालों के खिलाफ व्यापारियों ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर साप्ताहिक बंदी को सफल बनाए जाने की मांग की।

दुकानदारों का कहना है कि वहलोग किराए की दुकानों में अपनी दुकान चलाते हैं लेकिन जिन लोगों की अपनी या अपने घरों में दुकानें हैं, वह शुक्रवार को दुकान खोल कर बैठते हैं। मांग की गई की सभी प्रकार की दुकान बंद की जाए। शिकायत करने वालों में राकेश पटेल, सुभिन गुप्ता, अनुराग, दीपक ओमर, महेश, राहुल, हरिओम, रामकुमार आदि दुकानदार शामिल रहे। इसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने तहसीलदार पैगाम हैदर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के साथ तहसील से लेकर बारह पत्थर रोड, रामताल रोड, सदर बाजार, बरेली रोड मुख्य चौराहे, फर्रुखाबाद रोड पर जांच की, जहां दुकानें खुली पाई गईं। उनका फोटो खींचते हुए कार्रवाई करने के लिए उचाधिकारी को भेजा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# गर्मी से नलकूपों में खराबी की समस्या बढ़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भीषण गर्मी के चलते सरकारी नलकूपों में खराबी की समस्याएं बढ़ने लगी हैं, जिससे सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ गन्ने की फसल में पानी नहीं लग पा रहा है। परेशान किसान अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा परेशान हो रहे हैं। अधिकांश सरकारी नलकूपों पर ऑपरेटर गायब रहते हैं, अकुशल किसानों की ओर से चलाने से नलकूप के मोटर की फुंकने की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

# आयुध वस्त्र निर्माणी का प्रबंध निदेशक ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उत्पाद की गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाने के निर्देश
- अधिकारियों,कर्मचारियों से ली जानकारी, सुझाव दिए

**अमृत विचार:** आयुध वस्त्र निर्माणी, शाहजहांपुर ट्रूप्स कंफर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) एवं ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड (जीआईएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वीके तिवारी के प्रथम आगमन पर अपर महाप्रबंधक एके वर्मा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। शुक्रवार को निर्माणी में प्रथम आगमन पर प्रबंध निदेशक ने सर्वप्रथम पौधरोपण किया।

इसके बाद रेपियर लूम, ब्लैंकेट (कंबल), पी-3 कटिंग शॉप का गहन निरीक्षण किया और काम कर रहे कर्मचारियों से वार्ता की। पी-4 उत्पादनशाला में बनाए गए नए लाइन असेंबली सिस्टम का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन के बारे में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विधिवत जानकारी लेने के बाद उचित सुझाव देते हुए कहा कि हमारे सामने चुनौतियां काफी हैं, इसलिए हमें कार्य की गति व उत्पाद की गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाना होगा, जिससे हम भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। निरीक्षण के दौरान निर्माणी के वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार, अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक एसके मीना, उप महाप्रबंधक अनु सक्सेना, श्री प्रकाश प्रभाकर, ऋषि बाबू, दिव्यानंद पांडेय, कार्य प्रबंधक एससी सिंह सहित अन्य अधिकारी, यूनियन, एसोसिएशन, जेसीएम, के पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


उत्पाद के बारे में जानकारी लेते प्रबंध निदेशक वीके तिवारी। ● अमृत विचार

# छात्राओं ने सीखीं योग की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डॉ. सुदामा इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन
- बालिकाओं ने क्लासिकल डांस में किया बेहतर प्रदर्शन

**अमृत विचार:** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में योग विज्ञान संस्थान की ओर से प्रशिक्षिका साध्वी गीता पांडेय ने छात्राओं को योगा की बारीकियां बताते हुए वृक्षासन, शवासन, सूर्य नमस्कार, तड़ासन आदि योगा कराया गया।

योगा में छात्रा सृष्टि, आराध्या, नविका, मन्नत, मेघा, जया, वैष्णवी, ओजस्वी, अनन्या, वैदिक गणित में सिमरन, शिखा, कुनाल अवस्थी, मेघा श्रीवस्तव, आराध्या दीक्षित, मेंहदी में ज्योति देवी, मन्नत मिश्रा, तनु, नविका, प्राची, टेबिल टेनिस में अभ्या, दिव्या, ऐरोबिक एक्सरसाइज में दिलप्रीत, मेघा, न्यासा, सृष्टि पाल, गुन्जन हरमोनियम में प्रभा, तनुष, अमृता, अनन्या, तबला में विधि कौशिकी, ओजस्वी, प्रेरणा क्लासिकल डाँस में जया, वैश्नवी, कृतिका शर्मा तथा प्रगति ने बेहतर प्रर्दशन किया। मेंहदी में अर्चना सक्सेना, वैदिक गणित में राम औतार शर्मा, टेबिल टेनिस में रवि प्रभा जौहरी, हरमोनियम एवं तबला में नीलम सक्सेना, क्लासिकल डांस में मधुमिता डे तथा ऐरोबिक एक्सरसाइज में प्राची ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय एवं प्रधानाचार्या डॉ. राखी मिश्रा, डीओसी गाइड डॉ. सरिता गुप्ता ने समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। समर कैंप की संयोजक मंजरी यादव व सीमा गुप्ता ने व्यवस्था में सहयोग दिया।


सुदामा इंटर में कॉलेज में योगा करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# मिर्जापुर के भुर्जिया में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

संवाददाता, मिर्जापुर

- श्रीमद् भागवत कथा शुरू महंत विश्वनाथ गिरि ने बताया कि कथा 30 मई तक चलेगी

**अमृत विचार:** मिर्जापुर क्षेत्र के भुर्जिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई है। भुर्जिया स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र माना जाता है। माना जाता है कि यहां पर शिवलिंग की स्थापना रावण ने की थी। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण से ढाई घाट गंगा तट तक कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। महंत विश्वनाथ गिरि ने बताया कि कथा 30 मई तक चलेगी।


भुर्जिया में भागवत कथा से पहले यज्ञ की तैयारी करती बालिकाएं। ● अमृत विचार

# समर स्पेशल ट्रेनिंग कैंप शुरू


कैंप पेड़-पौधों के बारे में जानकारी ग्रहण करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अल-मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मोहल्ला मामूड़ी में स्थित एमएस ऐजुकेशन पॉइंट स्कूल में बच्चों के लिए समर स्पेशल ट्रेनिंग कैंप की शुक्रवार को शुरुआत रही।

स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. इरफान खान ने कहा कि इस ट्रेनिंग कैंप में बच्चों को पेड़ पौधों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में गरीब अभिभावक बच्चों को उच्च शिक्षा देने में असमर्थ हैं तो बच्चों को कामयाब बनाने के टिप्स दिए गए और योगासन करवाकर शरीर को स्वस्थ रखने की ट्रेनिंग दी जाएगी। ओनर शेख मौलाना शाही बहार ए आलम कादरी ने कहा कि हमारे स्कूल चलाने का मकसद यही है कि हम मलिन बस्तियों और गरीब घर के बच्चों को बहुत ही कम खर्च पर कामयाब बनाएं।

इस ट्रेनिंग कैंप में बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए एक्टिव फुर्तिला बनाने के लिए निः शुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। मो. रेहान, शबनम,नाज़िया,नफीस ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण दे रहे हैं। कैंप में दानिश सकीना, अनम वारिस, अजान, सलमान, नूर इकरा, हुमैरा, असलम अर्श,आशिफा आदि मौजूद रहीं।

# समर कैंप से बच्चों सीखेंगे कई हुनर

संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया कैंप का आरंभ

**अमृत विचार:** ऑल सेंट्स में शुक्रवार को सात दिवसीय समर कैंप का प्रारंभ महानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष व ऑल सेंट्स स्कूल के प्रबंधक सचिन बाथम ने फीता काटकर किया।

इसके पश्चात प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने कहा कि समर कैंप से बच्चों में प्रतिभा का विकास होता है। बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पेंटिंग, डांसिंग, ड्राइंग, सिंगिंग, गेम आदि जैसी कई गतिविधियों को सीखने का अवसर मिलता है।

प्रबंधक सचिन बॉथम ने कहा कि छुट्टियों में समर कैंप से बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी एक्टिविटी का फायदा मिलता है। जीवन में आगे बढ़ने का जुनून आता है। दूसरों की मदद करने का भाव आता है। समर कैंप में जाने वाले बच्चे स्मार्ट फोन, आईपैड जैसे गैजेट से दूर रहते हैं। कैंप में आए अन्य बच्चों से उनकी मित्रता होती है। एक नई सोच आ जाती है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। कोई भी समस्या आगे जीवन में आने पर उससे निपटने की सोच व शक्ति विकसित होती है।

महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा बच्चे खेल-कूद आदि में हिस्सा लेते हैं, तो उनके फेफड़ों को ताजी हवा मिलती है। व्यायाम होता है। पहले दिन स्टोरी योगा, जुंबा डांसिंग व थ्रू रिंग , समर कैंप में कक्षा पीएनसी से 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।बच्चों ने कैंप में खूब मस्ती की। कैंप की संयोजक जोया सिद्दिकी व रूबी गुप्ता रही।

स्कूल स्टाफ में कोऑर्डीनेटर तस्कीन शगुफ्ता, शुभा, गुलशन, , समन, रोज़ ,मेघा, पूजा, फरीन, दीपिका, अल्फिया , अजीम, नेहा, अजीम आदि शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहीं।


समर कैंप में शिक्षिकाओं के साथ मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

## बच्चे डराने को मुंह से लगाया कीटनाशक पेट में गया, महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** झगड़ा कर रहे अपने बच्चों को डराने के चक्कर में एक महिला की जान चली गई। बच्चे आपस में झगड़ा कर रहे थे। महिला के समझाने के बाद भी वह नहीं माने तो महिला ने कीटनाशक मुंह से लगा लिया। कीटनाशक किसी तरह उसके पेट में चला गया। महिला की तबियत खराब हो गई। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोथा स्थित भंडार कुंआ निवासी रेहान के बच्चे गुरुवार को आपस में झगड़ा कर रहे थे। उन्होंने अपनी किताबें भी फाड़ दी थीं। उनकी पत्नी नसरीन ने बच्चों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। नसरीन ने बच्चों को डराने के लिए कीटनाशक को मुंह पर लगा लिया। वह कीटनाशक पीना नहीं चाहती थी लेकिन किसी तरह कीटनाशक नसरीन के मुंह में चला गया और उनकी हालत बिगड़ गई। नसरीन को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सक ने रेफर किया। परिजनों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां गुरुवार रात मौत हो गई। नसरीन की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। पत्नी की मौत के बाद रेहान के सिर पर बच्चों के पालन पोषण की जिम्मदारी आ गई है।

# इन्हें नहीं जान की परवाह... बिना हेलमेट दौड़ा रहे दोपहिया

## हादसों के बाद भी नहीं ले रहे सबक, दो माह में आठ लोग गवां चुके हैं जान, फिर भी बाइकें, स्कूटी सड़कों पर दौड़ा रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** आए दिन हादसे हो रहे हैं, इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं है। इसके बावजूद भी लोग बिना हेलमेट तेज रफ्तार बाइक दौड़ा रहे हैं। सड़क पर दौड़ रहे बाइक चालकों पर नजर डाली जाए तो सौ लोगों में मात्र 20 लोग ऐसे होंगे जो हेलमेट लगाकर बाइक चला रहे होंगे, ज्यादातर लोग बिना हेलमेट के बाइक दौड़ाते हुए दिख जाएंगे।

दोपहिया वाहनों से हुए हादसों पर नजर दौड़ाएं तो दो माह में करीब 35 लोग घायल हो गए और इसके साथ ही आठ लोगों की जान चली गई। जिनके परिजन काल के गाल में समा गए उनके लिए उन्हें भुला पाना आसान नहीं होगा और जो लोग घायल हो अस्पताल पहुंचे, उनके लिए तो हादसा दुखदायी रहा ही, उनकी तीमारदारी में लगने वाले लोगों को उतनी की परेशानी आर्थिक और शारीरिक रूप से झेलनी पड़ती है।

सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर नजर दौड़ाएं तो इन वाहनों के बीच में सबसे अधिक दोपहिया वाहन सवार नजर आएंगे। पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए घर से तो हेलमेट लेकर निकलेंगे लेकिन सिर पर लगाने में परहेज करेंगे। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी का नजारा जाम में फंसे होने के दौरान ज्यादा दिखाई देता है, जाम में निकल रहे वाहनों के बीच में यदि जरा सा भी मौका मिला तो बड़े चौपहिया वाहनों के आगे घुसा देंगे, फिर आगे की जिम्मेदारी बड़े चौपहिया वाहन चालक की है।

### नेशनल हाईवे से जुड़ा है कचहरी ओवरब्रिज

शहर में कचहरी ओवरब्रिज दिल्ली-पलिया नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ है। इस पुल छोटे-बड़े हर तरह के वाहन गुजरते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे कचहरी ओवरब्रिज से एक साथ पांच दोपहिया वाहन गुजरते नजर आए लेकिन इन लोगों में से केवल एक व्यक्ति ने हेलमेट पहन रखा था, बाकी बिना हेलमेट के ही वाहन दौड़ा रहे थे।




### सबसे व्यस्त रोड...एसपी कार्यालय फिर भी कोई संजीदा नहीं

कलेक्ट्रेट गेट से सुदामा चौराहे की ओर जाने वाली रोड सबसे व्यस्त रोड है। दोपहर करीब 1:45 बजे चार लोग दोपहिया वाहन से आते हुए दिखे लेकिन उनमें से एक भी ऐसा नहीं था, जिसने हेलमेट पहन रखा हो, सभी बिना हेलमेट के बाइक दौड़ाए जा रहे थे, जबकि इस रोड पर एसपी कार्यालय भी है और पुलिस की हर वक्त मौजूदगी रहती है।




### बाइक पर बोरी लेकर बैठा था बालक... चालक कर रहा था मोबाइल से बात

रोडवेज बस स्टैंड से कचहरी ओवर ब्रिज को जाने वाले रोड पर ओसीएफ मोड़ के पास दोपहर दो बजे चौपहिया वाहनों के बीच में दोपहिया वाहन चलाते हुए दो लोग आ गए। एक बाइक पर तीन लोग थे, दूसरी बाइक पर युवक ने बोरी रखी हुई थी। पीछे बालक बैठा हुआ था और बाइक चालक बेपरवाह होकर कान में मोबाइल लगाकर बातें कर रहा था।




### राजीव चौक... चारों ओर से वाहन आने पर लगता है जाम

पुवायां का राजीव चौक सबसे व्यस्त चौराहा है। चारो ओर से आने वाले वाहनों की भीड़ से जाम लग जाता है। कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं, इसके बाद भी लोग सावधानी नहीं बरते रहे हैं। दोपहर करीब 12:30 बजे दोपहिया वाहन गुजरने वालों में ज्यादातर बिना हेलमेट के थे, इसके अलावा एक ही बाइक पर तीन-तीन लोग बैठे नजर आ रहे थे।




> यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरुक करने के साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की सलाह दी जाती, इसके अलावा बिना हेलमेट वालों के चालान भी किए जा रहे हैं। लोगों को खुद भी जागरूक होना होगा। हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए लगाएं।
>
> **-बाल कृष्ण**, ट्रैफिक इंचार्ज




### जिन्होंने लगाया था हेलमेट... कम से कम उन्हें देखकर ही जागरुक बने लोग

सड़क पर दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट बाइक दौड़ा रहे थे। इन्हीं वाहनों की भीड़ में कुछ लोग ऐसे भी थे जो हेलमेट लगाए हुए थे। इस दौरान एक व्यक्ति बाइक लेकर निकला, उसके पीछे एक युवक बैठा हुआ था। इस बाइक पर चालक और उस पर पीछे बैठने वाला युवक दोनों हेलमेट लगाए हुए थे। ऐसे लोगों को देखकर भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं।

## बंदरों के हमले में महिला छत से गिरकर घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला अशोक बिहार कॉलोनी में बंदरों का आतंक है। महिला छत पर कपड़े डालने के लिए गअर् तो बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह नीचे गिर गई। घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक बिहार कॉलोनी निवासी सुनील कुमार के साथ उसका छोटा भाई सुमित भी रहता है। सुनील की पत्नी राधा देवी (35) शुक्रवार की सुबह दस बजे छत पर कपड़े डालने के लिए गई। उन्हें पता नही था कि बंदरों का झुंड वहां बैठा हुआ है। बंदरों ने राधा पर हमला कर दिया। वह छत से सड़क की तरफ गिरकर घायल हो गई। इस दौरान बच्चों ने शोर मचाया। मोहल्ले के लोग छत पर चढ़े और बंदरों को भगाया। परिवार वाले घायल महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**मोहल्ले में है बंदरों का आतंक :** क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कॉलोनी में बंदरों का आतंक है और कई लोगों के काट चुका है। पंच सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने डीएम उमेश प्रताप सिंह तथा नगर आयुक्त से मांग की है कि वन विभाग की ओर से बंदरों को पकड़वाया जाए। किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

## तीसरे दिन भी जारी रहा भाकियमू का धरना



नारेबाजी करतीं खिरनीबाग रामलीला मैदान में धरने पर बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पुलिस उत्पीड़न की शिकार भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी की निगोही ब्लाक अध्यक्ष व अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विगत 22 मई से महिला जिलाध्यक्ष क्रांति सिंह के नेतृत्व में खिरनीबाग रामलीला मैदान में चल रहा धरना तीसरे दिन भी जारी रहा।

धरने के तीसरे दिन भी किसी अधिकारी ने धरना स्थल पर जाकर उनकी बात सुनने की भी जहमत नहीं की।धरने पर महिला जिलाध्यक्ष क्रांति सिंह के साथ पीड़ित निगोही महिला ब्लाक अध्यक्ष अंकिता शर्मा, सुनहरी देवी के साथ कविता शर्मा, सावित्री कुशवाहा, गीता शर्मा बैठी हैं। उनके सहयोग में जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, सुखपाल सिंह यादव, प्रमोद वर्मा, गंगाश्री,गुरदेव सिंह यादव, अजवेन्द्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामप्रताप वर्मा, प्रतिपाल सिंह, नक्षत्रपाल सिंह, किरन देवी निर्मला देवी, धर्मवती, सीमावती मौजूद रहीं।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, बहू पर हत्या का आरोप

**बिलसंडा, अमृत विचारः** गांव कनपरा के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुत्रवधू समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी।

बिलसंडा के गांव कनपरा निवासी विनोद तिवारी का पुत्र अंकित तिवारी रोज की तरह बृहस्पतिवार की रात में खाना खाकर घर में सो गया। शुक्रवार सुबह युवक अपने ही मकान में मृत मिला। उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के पिता विनोद कुमार ने सूचना पुलिस को दी। पिता ने पुत्रवधू समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। कहा कि पुत्रवधू का गांव गुलड़िया के युवक से संबंध है। कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसे लेकर बेटा परेशान रहता था।

## हत्या में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **2019 में जैतीपुर में गोली मार युवक की ली थी जान**

**अमृत विचारः** जैतीपुर के गांव अगरौली में वर्ष 2019 में हुई हत्या के मामले में एक अभियुक्त को उम्रकैद की सजा और 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जैतीपुर के गांव अगरौली निवासी रामसेवक ने 31 जनवरी 2019 को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह भाई मुलायम के साथ 30 जनवरी 2019 को शाम करीब चार बजे खेत पर जा रहा था। तभी गांव के ही कुलदीप ने अपने भाई सुरजीत सिंह व साथी रामऔतार के साथ मिलकर रास्ते में घेर लिया और हाथापाई करने लगे। इसी बीच कुलदीप ने अपनी गोट से तमंचा निकाल मुलायम को गोली मार दी, जो उसकी कोख में लगी। अगले दिन 31 जनवरी 2019 को मुलायम ने सुबह 7:50 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की रामसेवक की तहरीर पर 31 जनवरी 2019 को दोपहर में हत्या आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के उपरांत कुलदीप के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया गया। धारा 319 के तहत सुरजीत, रामकिशन व रामऔतार को न्यायालय ने तलब किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 42 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान सुनने और शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी, संजीव कुमार सिंह के तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने अभियुक्त कुलदीप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बाकी साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए।

## बदमाशों ने व्यापारी को पीटा, बाइक लूटी

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** करेली थाना क्षेत्र के गांव बमरोली निवासी मोहम्मद सगीर की गांव में ही जूते की दुकान है। बताते हैं कि वह गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह बिलसंडा से जते से भरा गत्ता लेकर बाइक से गांव जा रहे थे। करेली मार्ग पर गांव बबूरा से कुछ आगे पहुंचते ही पीछे से बुलेट बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने रोक लिया और तमंचे की नोक पर ले लिया। बदमाशों ने व्यापारी की पहले तलाशी ली और उसका मोबाइल छीना। जेब में रुपए न मिलने और विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी की पिटाई की। जेब में रखें कुछ जरूरी कागजात और बाइक लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बमरौली गांव की तरफ भाग गए। राहगीरों के फोन से ही करेली पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बिलसंडा और करेली पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची। करेली पुलिस ने व्यापारी से मिली तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की।

## जेल में जश्नः अधीक्षक ने डीआईजी को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **बिरियानी और मीट पार्टी किए जाने का वायरल हुआ था पत्र**

**अमृत विचारः** जिला जेल में जशन मनाकर बिरियानी और मीट पार्टी किए जाने के वायरल पत्र को डीआईजी जेल ने गंभीरता से लिया है। जेल अधीक्षक ने जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर के बयान लिए। उन्होंने अपनी रिपोर्ट बनाकर डीआईजी जेल को भेज दी है। जेल के सिपाही पर गाज गिर सकती है।

बुधवार को डीएम तथा एसपी के नाम एक पत्र सोशल मीडिया वायरल हुआ था। पत्र में आरोप लगाया गया है कि हिस्ट्रीशीटर व जिला बदर बंदियों ने जेल स्टाफ से मिलकर जश्न मनाया था। पत्र में बिरियानी, मीट का भी जिक्र किया गया है। पत्र वायरल होने पर डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने संज्ञान में लिया था। उन्होंने जेल अधीक्षक से पत्र के बारे में जानकारी की थी। डीआईजी ने जेल अधीक्षक को जांच के आदेश दिए थे। जेल अधीक्षक ने जिला जेल में हिस्ट्रीशीटर, गेट पर तैनात सिपाही तथा एक सिपाही के बयान दर्ज किए थे। जेल में कार्यरत एक सिपाही रात में आठ बजे ड्यूटी करने जेल के अंदर खाने का टिफिन लेकर जा रहा था। जेल गेट पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने उसका खाना का टिफिन रोक लिया था। इस दौरान दोनों सिपाहियों में काफी नोकझोंक हुई थी। जबकि कोई कर्मचारी खाना लेकर जेल में नहीं जा सकता है। जेलर ने सिपाही की ड्यूटी बाहर लगा दी थी। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने अपनी रिपोर्ट बनाकर डीआईजी जेल को भेज दिया है। जेल के सिपाही गाज गिर सकती है।

## युवती से लूटा मोबाइल छह घंटे में आरोपी पकड़ा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम भिलैया की ममता राजपूत ने बताया कि वह शहर के राजीव कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। बीसलपुर रोड पर स्थित एक बाइक की एजेंसी पर काम करती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह राजीव कॉलोनी से पैदल ही शोरूम पर जाने के लिए निकली थी। जैसे ही वह बीसलपुर रोड पर पहुंची तभी पीछे से आए एक बाइक सवार युवक ने झपट्टा मार कर उसका मोबाइल छीन लिया और भाग गया। पीड़िता ने एजेंसी पर पहुंचकर जानकारी दी। दिनदहाड़े घटना की सूचना पर पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरे की फुटेज चेक की। जिसमें एक युवक दिखाई दिया है,हालांकि उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने बरहा रेलवे अंडरपास पर दबिश दी। यहां से युवती से लूट करने वाले आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम रतन कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी बरहा गांव बताया। आरोपी के पास लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है।

## सूखे की चपेट में तालाब, नहीं ले रहा कोई सुधि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** निगोही के अंडखेड़ा, खजुआ सहित आसपास के तालाब सूख चुके हैं। जिससे निराश्रित गोवंश और पशु पक्षी प्यास से व्याकुल हो रहे हैं। ऐसे में कोई भी उनकी सुधि लेने वाला नहीं है।

सूखे तालाबों में पानी भरने की जिम्मेदारी किसकी है यह भी सुनिश्चित नहीं कराया गया है। यदि समय रहते तालाबों में पानी भरने का उचित प्रबंध नहीं किया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।पंचायत में लाखों और करोड़ों रुपया खर्च करके जल जीवन कार्यक्रम मिशन चलाया गया था।उसका भी परिणाम सकारात्मक नहीं दिख रहा है। गांव निवासी नेवाराम यादव ने कहा कि जल्द से जल्द सूखे हुए तालाबों को भरा जाए, जिससे पशु पक्षियों को इधर-उधर भटकना न पड़े।



निगोही में सूखा पड़ा तालाब। ● अमृत विचार






# अपराध से प्रभावी ढंग से निपटेंगे नए कानून

नई दिल्ली, एजेंसी


पूर्व जज नवीन सिन्हा

● सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने कहा- बदले समय के अनुसार कानून में बदलाव की जरूरत है

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नवीन सिन्हा ने कहा है कि संसद की ओर से पारित नए आपराधिक कानून अपराध से प्रभावी तरीके से निपटेंगे। न्यायमूर्ति सिन्हा ने नए कानूनों की सफलता के लिए न्यायाधीशों और पुलिस के लिए प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सिन्हा उच्चतम न्यायालय के वकील अश्विनी कुमार दुबे की पुस्तक एंड ऑफ कोलोनियल लॉज - फ्रॉम विजन टू एक्शन के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि समाज ने महसूस किया है कि समय बदल रहा है और समय के अनुसार कानून में बदलाव की आवश्यकता है। कानून समाज द्वारा निर्धारित मानदंड हैं, ताकि समाज में कानून-व्यवस्था और अनुशासन बना रहे।पूर्व न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा कि विधि निर्माताओं ने महसूस किया है कि मौजूदा कानून उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। नये कानून अपराध से प्रभावी तरीके से निपटेंगे। इन कानूनों के कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है और न्यायाधीशों एवं पुलिस दोनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासन के काले कानूनों को समाप्त कर दिया है और लोगों को त्वरित एवं आसान न्याय प्रदान करने के लिए तीन नये कानून लागू किए हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल ने कहा कि नए कानून न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को गति देंगे। उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं। नये कानून न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को गति देंगे। वरिष्ठ पत्रकार और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष आलोक मेहता ने कहा कि पुस्तक देश की प्राचीन न्याय प्रणाली के बारे में प्रामाणिक जानकारी देती है।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदिश अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश खन्ना, बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रदीप कुलश्रेष्ठ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव रोहित पांडे भी समारोह में मौजूद थे। देश के आपराधिक न्याय कानून को पूरी तरह से बदलने के लिए लाए गए तीन कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम- एक जुलाई से लागू होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद द्वारा पारित किया गया था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन पर अपनी मुहर लगा दी थी।

# कोर्ट ने दुर्घटना पर राज्य और एनएचएआई से मांगा जवाब


● कवर्धा दुर्घटना मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कवर्धा दुर्घटना मामले में शुक्रवार को राज्य सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस जारी कर दोनों से जवाब तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुए सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत पर उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार व नेशनल हाईवे अथॉरिटी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र में बताएं कि राज्य सरकार व एनएचएआई सड़क हादसे रोकने के लिए क्या कर रही है। कबीरधाम जिले के बाहपानी गांव में सोमवार को सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी। सभी सेमरहा गांव के थे जो तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे थे और उन पर पिकअप पलट गया। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की गई। राज्य सरकार और एनएचएआई से सड़क हादसे रोकने को लेकर उच्चतम न्यायालय आदेश पर कितना अमल हुआ, इसकी रिपोर्ट भी मांगी गयी है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की डिविजन बेंच में हुई तथा 26 जून तक सभी पक्षकारों को जवाब देने कहा गया है।

# कांग्रेस के लिए झारखंड भ्रष्टाचार का एटीएम

जामताड़ा/देवघर, एजेंसी


अमित शाह

● प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य का बजट 10 साल में बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी झारखंड को भ्रष्टाचार के एटीएम के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) राज्य में भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

शाह ने यहां की रैली में कहा कि कांग्रेस के लिए, झारखंड उसका वोट बैंक, संपत्ति, भूमि बैंक और भ्रष्टाचार का एटीएम है... हेमंत सोरेन सहित भ्रष्ट झामुमो नेता कांग्रेस की गोद में बैठे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल झारखंड के बूढ़ा पहाड़ समेत पूरे देश को नक्सलियों से मुक्त कराया, बल्कि आदिवासियों के साथ न्याय किया। सोनिया-मनमोहन शासन के दौरान आदिवासियों के लिए बजट मुश्किल से 25,000 करोड़ का था। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में इस बजट को बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि झारखंड में पशु तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। शाह भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए प्रचार कर रहे थे, जो दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इसके बाद देवघर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए दावा किया कि उसके पास 'नेता, नीति या नीयत' नहीं है और केवल नरेन्द्र मोदी ही देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता वंशवादी राजनीति के पक्षधर हैं। शाह ने कहा कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने, उद्धव ठाकरे चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने, शरद पवार चाहते हैं कि उनकी बेटी मुख्यमंत्री बने, ममता दीदी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों को दिए गए आरक्षण को खत्म करके इसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सौंप देगी।

## एक नजर

### पटना : दुष्कर्म के मामले में दोषी वृद्ध को सजा

**पटना।** बिहार में पटना की सत्र अदालत ने दुष्कर्म के मामले में आज एक 65 वर्षीय वृद्ध को 10 वर्षों के कठोर कारावास के साथ पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) संगम सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र स्थित राजपुरा गांव निवासी नागो राय को भारतीय दंड विधान की धारा 376 के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को मुआवजा देने की अनुशंसा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से की है । मामले की अपर लोक अभियोजक सरोज कुमारी ने बताया कि दोषी ने वर्ष 2004 में अपने ही गांव की एक विधवा के साथ बलात्कार किया और बाद में उसे शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

### सुवेंदु के खिलाफ जांच पर 17 जून तक लगी रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निवास सह कार्यालय से उनके निजी सचिव के नाम बड़ी संख्या में कथित रूप से हथियार और नकदी पकड़ी जाने के मामले में पुलिस को 17 जून तक जांच करने से रोकने का आदेश दिया है। न्यायालय से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यायालय की एकल पीठ की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमृता सिंह ने समन्वय बेंच के उस आदेश के आधार पर पुलिस को विपक्षी नेता के खिलाफ जांच पर 17 जून तक रोक लगायी है जिसमें निर्देश दिये गये थे कि उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने से पहले अदालत से अनुमति लेनी होगी।

### पांच सालों में बने जाति प्रमाणपत्रों की होगी जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार पांच सालों में बने जाति प्रमाणपत्रों की जांच कराएगी। फर्जी प्रमाणपत्र की शिकायत के बाद विष्णु देव सरकार एक्शन मोड में है। वहीं जाति प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार पांच सालों में बने सभी जाति प्रमाण पत्रों की उच्च स्तरीय जांच कराएगी। शर्मा ने कहा कि पांच सालों में नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाणपत्र बने। राज्य सरकार ऐसे फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच कराएगी। कलकत्ता हाईकोर्ट के जाति प्रमाण पत्रों पर दिए फैसले के बाद राज्य की विष्णु देव सरकार का यह बड़ा कदम है।

# छठे चरण में 58 सीट पर आज मतदान

## लोकसभाः दिल्ली की 7 सीट सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में पड़ेंगे मत

नई दिल्ली, एजेंसी

● ओडिशा की 42 विधानसभा सीट पर भी मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीट सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीट के लिए शनिवार (आज) को मतदान होगा।

दिल्ली के अलावा उप्र की 14, हरियाणा की 10, बिहार और प. बंगाल की 8-8, ओडिशा की 6, झारखंड की 4 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। वहीं, ओडिशा की 42 विधानसभा सीट पर भी मतदान होगा। इस चरण में 11.13 करोड़ से अधिक लोग मतदान के पात्र हैं। इनमें 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5,120 'तृतीय लिंगी' मतदाता हैं। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर भी मतदान होगा। छठे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में संबलपुर (ओडिशा) से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (भाजपा), उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी (भाजपा) व कन्हैया कुमार (कांग्रेस), सुल्तानपुर (उप्र) से मेनका गांधी (भाजपा), अनंतनाग-राजौरी (जम्मू और कश्मीर) से महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), तमलुक (प. बंगाल) से अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और गुरुग्राम सीट से राव इंद्रजीत सिंह हैं।


गुरुग्राम में वितरण केंद्र पर मतदान अधिकारी अपने-अपने केंद्रों पर जाने से पहले ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री की जांच करते हैं। ● एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान का आग्रह किया। पांचवें चरण में 20 मई को 49 सीट पर 62.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। प. बंगाल के जंगल महल क्षेत्र में मतदान होगा। इस क्षेत्र में पांच जिलों में आठ लोकसभा क्षेत्र हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में इन आठ सीट में से पांच पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी, जबकि तीन सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। कांथी और तामलुक लोकसभा क्षेत्रों में शुभेंदु अधिकारी एवं उनके परिवार का अच्छा-खासा प्रभाव है और ये निर्वाचन क्षेत्र वंशवादी राजनीति के उदाहरण माने जाते हैं। शुभेंदु के भाई सौमेंदु अधिकारी कांथी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

तामलुक में कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय टीएमसी नेता देबांग्शु भट्टाचार्य के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली की सात सीट पर भाजपा और 'इंडिया' गठबंधन में मुकाबला है। गठबंधन के घटकों में सीट को लेकर बनी सहमति के तहत आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। यह पहला चुनाव है जब आप और कांग्रेस साथ हैं। आप ने पूर्वी दिल्ली सीट से कुलदीप को, पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा को, नयी दिल्ली से सोमनाथ भारती को और दक्षिणी दिल्ली से सही राम पहलवान को उतारा है।

## अश्लील वीडियो बनाकर लाखों की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर।** राजस्थान में डीग जिले के मेवात क्षेत्र में सोशल मीडिया मंच पर अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को फंसाने और वीडियो डिलीट करने के एवज में लाखों रुपयों की ठगी करने के आरोप में पांच साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेंज में जारी ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत सीकरी थाना पुलिस, डीएसटी, क्यूआरटी एवं रेंज स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई की है। टीम ने ठगी करने के आरोपी में तोहिद खान, (22) वारिस (21), आरिफ खान (21), वसीम (22) और अरबाज (22) को गिरफ्तार किया है। साथ ही अरोपियों के पास से पुलिस टीम कमो नौ मोबाइल फोन, छह बैंक पासबुक, दो एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक पेटीएम कार्ड, एक ट्रैक्टर, दो मोटर साइकिल व 76 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

# प्रधानमंत्री ने माना कि आबकारी नीति मामला गलत : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



● आबकारी नीति के मामले में गिरफ्तार सभी लोगों को रिहा किया जाना चाहिए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माना है कि आबकारी नीति मामला गलत है। उन्होंने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार सभी लोगों को रिहा किया जाना चाहिए।

एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हल्ला मचा रही है कि घोटाला हुआ है। इस मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा केजरीवाल ने कहा कि वे दो साल से चीख रहे हैं कि शराब घोटाला हुआ है और दावा किया जा रहा है कि यह 100 करोड़ रुपये का है, लेकिन अभी तक एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि कल, एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री से पूछा गया कि केजरीवाल कह रहे हैं कि इस मामले में कोई सबूत नहीं मिला है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई पैसा नहीं मिला है, क्योंकि केजरीवाल एक अनुभवी चोर हैं। यानी उन्होंने स्वीकार किया है कि कोई बरामदगी नहीं हुई है।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि इसे छिपाने के लिए उन्होंने कहा कि केजरीवाल 'अनुभवी चोर' हैं। यह गलत गिरफ्तारियों को सही साबित करने का एक बहाना है। जब आपने स्वीकार कर लिया है कि आबकारी घोटाले का मामला गलत है, तो कृपया उन लोगों को रिहा कर दें, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## अधिक गति से ट्रेन चलाने पर चालक व सहायक निलंबित

**नई दिल्ली।** गतिमान और मालवा एक्सप्रेस के चालक और उनके सहायकों को एक ऐसे खंड पर ट्रेन 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाने के लिए निलंबित किया गया है, जहां गति सीमा 20 किमी प्रतिघंटे तक सीमित थी। यह घटना हाल ही में हुई, जिसमें दोनों ट्रेन के चालक दलों ने आगरा कैंट के पास जाजौ और मनियां रेलवे स्टेशन के बीच एहतियाती गति सीमा का उल्लंघन किया, जहां रेलवे के पुल के जारी नवीनीकरण कार्य के कारण अस्थायी गति प्रतिबंध लगाया गया है। आगरा मंडल जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) प्रशस्ति श्रीवास्तव ने घटना की पुष्टि की है। सूत्र ने बताया कि पहली घटना में, गतिमान एक्सप्रेस के लोको पायलट और सहायक ने परामर्श गति पाबंदी का उल्लंघन किया। वहीं मालवा एक्सप्रेस के चालकों ने भी उसी स्थान पर इसी तरह का उल्लंघन किया और ट्रेन को 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया।


देश में आयोजित लोकसभा चुनाव के छठवे चरण को लेकर मतदान की पूर्व संध्या पर राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गश्त करते सेना के जवान। ● एजेंसी

## झारखंडःजमशेदपुर में हथियारबंद बदमाशों ने आभूषण की दुकान में डाली डकैती

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर के व्यस्त सोनारी इलाके में तीन हथियारबंद लोगों ने शुक्रवार दोपहर बंदूक के बल पर आभूषण की दुकान में लूटपाट की। पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर करीब एक बजकर 40 मिनट पर सोनारी मेन रोड पर स्थित एमबी ज्वेलर्स की दुकान पर हुई। तीन हथियारबंद लोग ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हो गए, जैसे ही मालिक कौशल जैन ने उन्हें अंगूठी दिखाई, उन्होंने अपनी बंदूकें निकाल लीं और कुछ ग्राहकों तथा कर्मचारियों के साथ उन्हें बंधक बना लिया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उन्होंने दुकान में लूटपाट की और मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से भाग गए। उसने बताया कि गहनों की कीमत और लूटी गई नकदी का मूल्यांकन किया जा रहा है लेकिन अनुमान है कि इसकी कीमत 50 लाख रुपये से अधिक है। सोनारी थाने के प्रभारी कुमार सरयू आनंद ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मुकेश कुमार लुनायत ने दुकान का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की।

# व्यवसायी के पूरे परिवार ने आत्महत्या का किया प्रयास

फरीदाबाद, एजेंसी

● घटना में परिवार के मुखिया की मौत हो गई, पांच की हालत गंभीर

● सराय ख्वाजा थाने में 15 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

करोड़ों के कर्ज में डूबे एक व्यवसायी के पूरे परिवार ने कथित तौर पर सामूहिक आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना में परिवार के मुखिया की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि दो महिलाओं और दो बच्चों समेत पांच लोग अस्पताल में भर्ती हैं। सराय ख्वाजा थाने में 15 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर 37 में गुरुवार रात को व्यवसायी के परिवार ने आत्महत्या का प्रयास किया। श्याम गोयल (70) के बेटे ने कई लोगों और बैंकों से 40 करोड़ का लोन लिया था। बदमाश और रिकवरी एजेंट व्यवसायी के परिवार को लोन चुकाने के लिए धमका रहे थे। गुरुवार रात कुछ बदमाश व्यवसायी के घर आए और गार्ड को अगवा कर लिया। बाद में वे गार्ड को छोड़ गए, लेकिन डर के कारण श्याम ने पूरे परिवार के साथ मिलकर नींद की गोलियां खा लीं और अपने हाथों की नसें काट लीं। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी उनके घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। श्याम का करीब दस साल पहले घी और तेल का व्यवसाय था। जब उन्होंने कारोबार बंद किया तो उनके बेटे अनिरुद्ध ने करोड़ों का कर्ज लेकर नोएडा में मोबाइल स्पेयर पार्ट्स की फैक्टरी खोल ली। अनिरुद्ध ने शिकायत में कहा कि मुझे कई जगहों से धमकी भरे फोन आ रहे थे। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद मुंबई के किशन, अहमदाबाद के स्वामी जी, दिल्ली के सनी जैन, दुबई के गैरी उर्फ दीवानसुख, रॉकी, आकाश और 10 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## दिल्ली में युवक से 23.30 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के बहाने एक व्यक्ति से 23.30 लाख की ठगी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान जय पाल और भूपेंद्र के रूप हुई है। दोनों राजस्थान के हैं और सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे थे।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने कहा कि हमें सुमित शर्मा से शिकायत मिली थी कि उनसे 23.30 लाख रुपये ठगे गये है। शुरूआत में व्यक्ति ने छोटी राशि का निवेश किया और उसे आय होने लगी, जिससे उसका विश्वास बढ़ा और वह बड़ी राशि का निवेश करने के लिए प्रेरित हो गया। उसे धोखाधड़ी का तब पता चला जब उसने आरोपी को अपना लाभ शेयर बाजार से निकालने को कहा और आरोपियों ने उसको कर के रूप में 35.33 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए कहा।

# खुदाई के विरोध में मुसलमानों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

धार (मध्य प्रदेश), एजेंसी

**भोजशाला विवाद**

● खुदाई को मुसलमानों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का बताया उल्लंघन

मध्य प्रदेश के धार जिले में 11वीं सदी के परिसर के कुछ हिस्सों में कथित खुदाई के विरोध में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय ने काली पट्टी बांधकर भोजशाला में नमाज पढ़ी और खुदाई को उच्चतम न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन बताया है।

कोर्ट के आदेश पर सर्वेक्षण के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा की कथित खुदाई का विरोध करने के लिए मुसलमान काली पट्टी बांधकर शुक्रवार की नमाज के लिए आए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एएसआई 64 दिन से संरचना का सर्वेक्षण कर रहा है। हिंदू एएसआई द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के स्मारक भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद कहते हैं। हिंदू पक्ष के वकील शिरीष दुबे ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के नेता इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की गलत व्याख्या कर रहे हैं। कमाल मौला की मस्जिद के अधिकारी जुल्फिकार पठान ने नमाज के बाद कहा कि हमने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा गया है कि परिसर में भौतिक खुदाई न करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद, एएसआई मस्जिद की दीवारों की खुदाई कर रहा है और उन्हें कमजोर कर रहा है। समुदाय के नेताओं ने पिछले शुक्रवार को यह मुद्दा उठाया था और घोषणा की थी कि अगर एएसआई के सर्वेक्षण में कोई बदलाव नहीं हुआ तो वे विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधेंगे। पठान ने कहा कि वे मौन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उनकी मांग नहीं सुनी गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

# जलाशयों का स्तर 24%, दक्षिण क्षेत्र ज्यादा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



● 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी

● पिछले वर्ष की तुलता में मौजूदा जल स्तर में 21 प्रतिशत कमी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 24 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 21 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में जल स्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दक्षिणी क्षेत्र, जिसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं, सबसे अधिक प्रभावित है। इन राज्यों में मौजूद 42 जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 53.334 अरब क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। जबकि मौजूदा समय में इन जलाशयों का भंडारण स्तर गिरकर 7.455 बीसीएम रह गया है, जो कुल भंडारण क्षमता का 14 प्रतिशत है। यह पिछले साल के 25 फीसदी और सामान्य स्तर (कुल क्षमता का 20 फीसदी जल) से काफी कम है। इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 43.293 बीसीएम है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान दर्ज 55.037 बीसीएम से 21 प्रतिशत की कमी दर्शाता है और यह 45.480 बीसीएम के सामान्य भंडारण से भी कम है।

इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के भंडारण स्तर का 79 प्रतिशत और दस साल के औसत सामान्य भंडारण स्तर का 95 प्रतिशत दर्शाता है।

### देश में जलाशयों की निगरानी जारी

उत्तरी राज्यों हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में 10 जलाशयों की निगरानी जारी है जिनकी कुल भंडारण क्षमता 19 .663 बीसीएम है। लेकिन, वर्तमान में इन जलाशयों में केवल 5 .554 बीसीएम भंडाकरण (कुल क्षमता का 28 प्रतिशत) है। इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार शामिल हैं, थोड़ा सुधार दर्शाता है। इस क्षेत्र के 23 जलाशयों की कुल क्षमता 20 .430 बीसीएम है, जहां वर्तमान भंडारण 6 .013 बीसीएम (कुल भंडारण क्षमता का 29 प्रतिशत) है। गुजरात और महाराष्ट्र में पिछले वर्ष की तुलना में भंडारण का स्तर कम हो रहा है।

# अपर जिला जज ने रद किया जिला मजिस्ट्रेट का आदेश

अयोध्या कार्यालय

● कहा कि डीएम ने नहीं किया न्यायिक विवेक का इस्तेमाल

**अमृत विचार :** गोवंश के परिवहन में पकड़े गए वाहन को जब्त करने के डीएम के आदेश को शुक्रवार को अपर जिला जज हेमंत कुमार ने रद कर दिया। उन्होंने पत्रावली प्रति प्रेषित करते हुए हाईकोर्ट द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप फिर से आदेश पारित करने को कहा है।

अधिवक्ता सलीम नैयर ने बताया कि 4 अगस्त 2023 को इनायत नगर थाना पुलिस ने भदोखरा गांव के पश्चिम हजारीलाल इंटर कॉलेज को जाने वाले खड़ंजे पर तीन लोगों को सफेद रंग के पिकअप में पशुओं को लादते हुए शिबू निवासी बोहारी थाना मवई, असगर अली निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर नउवन का पुरवा थाना इनायत नगर, अजय रावत निवासी कटरौली थाना रोनाही को पकड़ा था। पिकअप बुध्दिराम निवासी कटरौली थाना रौनाई के नाम थी। छह गोवंशीय पशु बरामद हुए थे। पकड़े गए लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी और वाहन को 9 फरवरी 2024 को जिला मजिस्ट्रेट ने जब्त करने का आदेश दिया था। इसको बुधीराम ने जिला अदालत में चुनौती दी। जिला जज ने इसे सुनवाई के लिए अपर जिला जज की अदालत में स्थानांतरित कर दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश में लिखा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश न्यायिक विवेक इस्तेमाल के बिना है और निहित क्षेत्राधिकार का अनुचित प्रयोग है। डीएम द्वारा निरमुक्ति और जब्तीकरण का आदेश एक साथ है, जबकि सुभिन्न विषयों के लिए पृथक आवेदन पर पृथक आदेश देना उचित होता है। आदेश पत्रक पर किसी अधिवक्ता एवं पक्षकार के हस्ताक्षर नहीं है। इसी पर कोर्ट ने डीएम का आदेश रद कर दिया।

